RAF SECTOR

NEWS CLIP

23/05/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Jagat Kranti, Jaipur, (Raj)

रेपिड एक्शन फोर्स की 6/83 बटालियन ने निकाला बोली थाना अन्तर्गत क्षेत्र में फ्लेग मार्च

■ जगत क्रान्ति

जयपुर (राजस्थान) में तैनात रेपिड एक्शन फोर्स (द्रु.का.ब.) की 83 बटालियन के कमाण्डेट श्री प्रवीण कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं श्री श्रवण लाल मीणा (सहा0कमा0) के नेतृत्व में सी / 83 बटालियन की एक प्लाटून दिनांक 21/05/2022 को पुलिस थाना बौंली (सवाई माधोपुर के थाना प्रभारी श्री किशन बमीना व पुलिस उपनिरी, राजेन्द्र गिरी के साथ मिलकर पुलिस थाना बौंली व ग्राम खिरनी, सवाई माधोपुर के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में परिचित अभ्यास किया साथ ही साथ स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर मुख्य बाजारों बस स्टोप, अस्पताल एवं साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लेग मार्च किया ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर उस स्थान / इलाके में तुरन्त पहुँचकर शीघ्र कार्यवाही की जा सके। रैपिड एक्शन फोर्स के इस परिचय अभ्यास के आयोजन की जानकारी देते हुए श्री श्रवण लाल मीणा, सहा0 कमाण्डेट 83 बटालियन ने बताया कि परिचय अभ्यास का उद्देश्य साम्प्रदायिक तनाव एवं दंगा कि स्थिति घटित होने या प्राकृतिक आपदा होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण एवं कार्यवाही की जा सके और विषम परिस्थितियों में द्रुत कार्य बल शान्ति व्यवस्था बनाने में त्वरित मदद कर सके। परिचय अभ्यास में निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद बौरान, निरीक्षक घनश्याम मीणा व निरीक्षक मुकुट बिहारी जोरवाल के अतिरिक्त बल के अन्य अधीनस्थ अधिकारीगण, एवं बल के अन्य रैंक कार्मिकों ने भाग लिया।

Kalam E Rajasthan, Aamer, (RAJ)

रैपिड एक्शन फोर्स ने बिरला मंदिर में किया योगाभ्यास

कलम ए राजस्थान

आमेर। भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत योगा अभियान के तहत योग के प्रति आम जनता में जागरूकता लाने के लिए वाहिनी द्वारा विभिन्न ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों पर चलाये जा रहे योग अभियान के अन्तर्गत रैपिड एक्शन फोर्स 83 द्वारा नारायण मन्दिर बिड़ला मन्दिर में प्रवीण कुमार सिंह कमाण्डेण्ट के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हरि नारायण मीणा उप कमाण्डेन्ट ने कार्यक्रम में उपस्थित राकेश डाडा मन्दिर प्रबन्धक मन्दिर के अन्य सदस्य, जवानों एवं आमजन को योग का मनुष्य के जीवन में महत्त्व को बताया और साथ ही योग से होने वाले लाभों से अवगत करवाया एवं आगामी 21 जून को आने वाले 8वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के तत्वाधान में चलाये जा रहे योग कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में निरीक्षक महेश पुरी एवं वाहिनी के योग प्रशिक्षण प्राप्त कार्मिक सिपाही गिरीधारी कालो ने नारायण मन्दिर बिड़ला मन्दिर जयपुर में उपस्थित सभी कार्मिकों को योगाभ्यास करवाया।

Dainik Jagran, Allahabad, (UP)

आरएएफ, 101 बटालियन में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया

संसू, फाफामऊ : शांतिपुरम कालोनी स्थित आरएएफ 101 बटालियन परिसर में शनिवार को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। कमांडेन्ट मनोज कुमार गौतम ने कहा कि आतंकवाद विरोधी दिवस को मनाने का उद्देश्य युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के पथ से दूर रखना, एकता को बढ़ावा देना है। 21 मई 1991 को पूर्व पीएम राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। इसलिए आतंकवाद विरोध दिवस मनाने का फैसला लिया था। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी नरेन्द्र कुमार, डिप्टी कमांडेन्ट बृजेश दूबे थे।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

100BN FAM-EX DUTY U/PS MANINAGAR, AHMEDABAD, (GUJARAT)

सी०आर०पी०एफ० सदा अजेय, भारत माता की जय।